वन अनुसंधान संस्थान में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में दिनांक 08 सितंबर, 2021 को “हिन्दी टिप्पण व आलेखन तथा राजभाषा हिन्दी" शीर्षक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री अरविन्द जौहरी , अनुभाग अधिकारी , भा.वा.अ.शि.प. एवं श्री अमित रूहेला , कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी , इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी को आमंत्रित किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में श्री शंकर शर्मा , सहायक निदेशक (राजभाषा) ने विषय विशेषज्ञ एवं उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यशाला में उपस्थित एस. के. थॉमस , कुलसचिव महोदय ने अपने सम्बोधन में सभी प्रतिभागियों को राजभाषा हिन्दी में ज्यादा से ज्यादा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी में कार्य करना हमारा नैतिक कर्तव्य है तथा हिन्दी का पप्रचार-प्रसार करना देश की प्रगति में योगदान देना है।

इसके उपरांत विषय विशेषज्ञ द्वारा प्रतिभागियों को कार्यशाला के विषय की जानकारी प्रदान की गई एवं प्रश्न-उत्तर सत्र में उनकी समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में सभी प्रभागों/अनुभागों/कार्यालयों से कुल 16 प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की। इनमें से अधिकांश प्रतिभागियों ने हिन्दी कार्यशाला में पहली बार प्रतिभाग किया।

कार्यशाला का संचालन श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा) द्वारा किया गया।

<u>कार्यशाला की कुछ झलकियाँ</u>

एक दिवसीय
हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला

एक दिवसीय
हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला
विषय : "हिन्दी टिप्पण व आलेखन"
एवं "राजभाषा हिन्दी"

220 VOLT-AC